लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

DURING HIS FIVE-YEAR TENURE AS PRESIDENT, SHRI KOVIND HAS ELEVATED STATURE AND DIGNITY OF SUPREME OFFICE OF PRESIDENT OF INDIA: LOK SABHA SPEAKER/भारत गणराज्य के राष्ट्रपति के रूप में पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान श्री कोविंद ने इस सर्वोच्च पद की गरिमा और शालीनता को नव-उत्कर्ष प्रदान किया है: लोक सभा अध्यक्ष

…

PRESIDENT'S UNWAVERING COMMITMENT TO IMPORTANT ISSUES OF PUBLIC INTEREST IS PROOF OF HIS DEDICATION TO PUBLIC SERVICE: LOK SABHA SPEAKER/जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए राष्ट्रपति जी की अटूट प्रतिबद्धता, लोकसेवा के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है: लोक सभा अध्यक्ष

…

RASHTRAPATI JI HAS ALWAYS EMPHASISED ON HIGHER PARTICIPATION OF WOMEN IN NATION BUILDING, AND CREATION OF MORE OPPORTUNITIES FOR DURING HIS FIVE-YEAR TENURE AS PRESIDENT, SHRI KOVIND HAS ELEVATED STATURE AND DIGNITY OF SUPREME OFFICE OF PRESIDENT OF INDIA: LOK SABHA SPEAKER/राष्ट्रपति जी ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की अधिक भागीदारी, समाज के वंचित वर्गों के लिए अधिक अवसरों के सृजन जैसे विषयों पर निरंतर बल दिया: लोक सभा अध्यक्ष

…

PRESIDENT'S UNWAVERING COMMITMENT TO IMPORTANT ISSUES OF PUBLIC INTEREST IS PROOF OF HIS DEDICATION TO PUBLIC SERVICE: LOK SABHA SPEAKER/श्री कोविंद को सभी दलों के नेताओं का पूर्ण सहयोग मिला है तथा सभी सदस्य उनको संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शों के संरक्षक के रूप में देखते हैं: लोक सभा अध्यक्ष

…

SHRI KOVIND GOT FULL SUPPORT OF LEADERS OF ALL PARTIES AND ALL MEMBERS SEE HIM AS GUARDIAN OF CONSTITUTIONAL VALUES AND IDEALS: LOK SABHA SPEAKER/श्री कोविंद को सभी दलों के नेताओं का पूर्ण सहयोग मिला है तथा सभी सदस्य उनको संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शों के संरक्षक के रूप में देखते हैं: लोक सभा अध्यक्ष

…

MEMBERS OF LOK SABHA AND RAJYA SABHA BID FAREWELL TO PRESIDENT OF INDIA, SHRI RAM NATH KOVIND IN CENTRAL HALL OF PARLIAMENT HOUSE/लोक सभा और राज्य सभा के सांसदों ने आज संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित एक समारोह में भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद को विदाई दी।

…

New Delhi 23 July 2022: Members of Lok Sabha and Rajya Sabha bid farewell to the President of India, Shri Ram Nath Kovind, at a function held in the Central Hall of Parliament House, today.

Vice President of India and Chairman, Rajya Sabha Shri M. Venkaiah Naidu; Prime Minister Shri Narendra Modi; Lok Sabha Speaker Shri Om Birla; and Members of both the Houses of Parliament were present on the occasion.

Speaking on the occasion, Shri Birla said that it is a proud occasion for the Members of both the Houses of Parliament who have gathered to express their gratitude and reverence to Shri Kovind on behalf of the nation. Shri Birla further said that during his five-year tenure as the President of the Republic of India, Shri Kovind has elevated the stature and dignity of this highest office to and for this reason all Members of Parliament express their gratitude.

Referring to the long journey of Shri Kovind in public service and his long association with Parliament, Shri Birla said that as a Member of Parliament guided by the spirit of empowerment through education, Shri Kovind contributed to the spread of education in rural areas as well as in the field of higher education with an emphasis on providing basic facilities and enhancing their quality. Continuous emphasis was laid on ideas such as higher participation of women in nation building and the creation of more opportunities for the disadvantaged sections of the society, especially the differently-abled and the infirm. Shri Birla added that the President's unwavering commitment to important issues of public interest is a testament to his dedication to public service.

In his speech, Shri Birla observed that the President's address given in Parliament reflects his vision, deep understanding of political and social issues facing the nation and his clear thought process towards their solutions. His Addresses to the Members of Parliament have inspired all political parties alike and inspired them to their responsibilities. This is the reason that Shri Kovind has received the full support of the leaders of all the parties and all Members of Parliament see him as the guardian of constitutional values and ideals. Shri Birla further said that exemplary work like following the principles of Indian Constitution, Shri Kovind's commitment to political fairness and making Rashtrapati Bhavan accessible to common citizens will always inspire generations to come.

Shri Birla described Shri Kovind's unique journey from a small village Paraunkh in Kanpur district of Uttar Pradesh to the highest post of President of India as a wonderful and inspiring achievement of Indian democracy. Shri Birla further said that Rashtrapati ji has proved that he is a multi-faceted and sensitive public servant through his efforts towards national interest and the welfare of the common man.

On this occasion, a signature book was gifted to the President of India.

नई दिल्ली 23 जुलाई 2022: लोक सभा और राज्य सभा के सांसदों ने आज संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित एक समारोह में भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद को विदाई दी।

भारत के उप राष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति श्री एम वेंकैया नायडू ; प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ; लोक सभा के अध्यक्ष श्री ओम बिरला ; और संसद के दोनों सदनों के सदस्य समारोह में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि भारत की संसद के दोनों सदनों के सदस्यों के लिए यह गर्व का अवसर है जब वे राष्ट्र की ओर से श्री कोविंद के प्रति कृतज्ञता, सम्मान, श्रद्धा और साधुवाद व्यक्त करने के लिए एकत्रित हुए हैं। श्री बिरला ने आगे कहा कि भारत गणराज्य के राष्ट्रपति के रूप में पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान श्री कोविंद ने इस सर्वोच्च पद की गरिमा और शालीनता को नव-उत्कर्ष प्रदान किया है तथा इसके लिए सभी संसद सदस्य अपना आभार प्रकट करते हैं।

श्री बिरला ने श्री कोविंद की जन सेवा की लंबी यात्रा और संसद से उनके पुराने रिश्तों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा सशक्तीकरण की भावना से संसद सदस्य के रूप में श्री कोविंद ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी और समाज के वंचित वर्गों, विशेष रूप से दिव्यांगों और अनाश्रितों के लिए अधिक अवसरों के सृजन जैसे विषयों पर निरंतर बल दिया । श्री बिरला ने आगे कहा कि जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए राष्ट्रपति जी की अटूट प्रतिबद्धता , लोकसेवा के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है।

श्री बिरला ने आगे कहा कि संसद में दिए गए राष्ट्रपति श्री कोविंद जी के अभिभाषण उनकी दूरदर्शिता , देश के समक्ष उपस्थित राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों की गहरी समझ एवं उनके समाधान हेतु उनकी स्पष्ट सोच को प्रदर्शित करते हैं। उनके अभिभाषणों ने सभी दलों को समान रूप से प्रेरित किया है और उनके दायित्वों के प्रति जागृत किया है। यही कारण है कि श्री कोविंद को सभी दलों के नेताओं का पूर्ण सहयोग मिला है तथा सभी सदस्य उनको संवैधानिक मूल्यों एवं आदर्शों के संरक्षक के रूप में देखते हैं। श्री बिरला ने आगे कहा कि भारतीय संविधान के सिद्धांतों का अक्षरशः पालन, राजनीतिक निष्पक्षता के लिए श्री कोविंद की प्रतिबद्धता और राष्ट्रपति भवन को आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाने जैसे अनुकरणीय कार्य आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

श्री बिरला ने श्री कोविंद की उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के एक छोटे से गाँव परौंख से भारत के राष्ट्रपति के शीर्ष पद तक पहुँचने की अतुलनीय यात्रा को भारत के लोकतन्त्र की अद्भुत एवं प्रेरक उपलब्धि बताया। श्री बिरला ने आगे कहा कि राष्ट्रपति जी ने राष्ट्रहित तथा जन-सामान्य के कल्याण को लक्षित करके किए गए कार्यों से यह सिद्ध किया है कि वह एक बहुआयामी तथा संवेदनशील जन-सेवक हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रपति जी को एक हस्ताक्षर पुस्तक भेंट की गई।